(ख) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश के कुछ रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशनों में परिवर्तित करने की योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो उन स्टेशनों के नाम क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) मध्य प्रदेश राज्य में 7 रेलवे स्टेशनों यथा ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर, बिलासपुर रायपुर इन्दौर और दुर्ग को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया था, इस संबंध में बिलासपुर और इन्दौर स्टेशनों पर निर्माण कार्य पूरा हो गया है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

मूलभूत रेल परिवहन सुविधाओं का विकास

1056. **कुमारी आलिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में विशेषत: कोंकण रेल परियोजना के लिए खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले अनिवासी भारतीयों के पूंजी-निवेश से रेल परिवहन संबंधी मूलभूत सुविधाओं का विकास करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इस पर अब तक क्या प्रतिक्रिया रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) कोंकण रेलवे कार्पोरेशन की 400 करोड़ रुपये की हिस्सा पूंजी में केंद्र सरकार तथा महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा और केरल की राज्य सरकारों द्वारा निम्नलिखित अनुपात में अंशदान किया जाना है :—

केन्द्र सरकार (रेल मंत्रालय)	51 प्रतिशत
महाराष्ट्र	22 प्रतिशत
कर्नाटक	15 प्रतिशत
गोवा	6 प्रतिशत
केरल	6 प्रतिशत

निर्माण की शेष लागत, जिसका अनुमान 1400 करोड़ रुपये है, पूरी करने के लिए खुले बाजार से, मुख्यत: 9% कर-मुक्त बंध-पत्रों के रूप में, ऋण लेने का प्रस्ताव है । ये बंध-पत्र अप्रवासी भारतीयों को भी उपलब्ध हो सकें, इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति मांगी गई है । इसलिए अप्रवासी भारतीयों की फिलहाल केवल बंध-पत्रों में भागीदारी पर ही विचार किया गया है, हिस्सा पूंजी में भागीदारी पर नहीं ।

Accident of Passenger Train at TsOBdek- near Vijayawada

1057. DR. RATNAKAR PANDEY : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a passenger train rammed into a goods train at Tsunder near Vijayawada at 9.00 P.M. on 5th April, 1992 killing at least 20 persons and injuring several others ;

(b) if so, what were the circumstances leading to the accident; and

(c) whether any inquiry has been made into the cause of the accident; if so, with what result ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) to (c) On 5-4-92 at 21.10 hrs., when a goods train, which was detained at the home signal of Tsunduru Station on South Central Railway, had barely started from the home signal towards the station, 423 Bitragunta-Vijaya-wada Passenger train came from the rear and collided against it. As a result, 21 persons were killed and 17 were injured, out of whom 2 were grievously hurt. The accident is being inquired into by the Commissioner of Railway Safety, South Central Circle, Secunderabad.